आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक–14.06.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 14.06.2019 को राजभाषा प्रगति की त्रैमासिक बैठक श्री सुनीत शर्मा महाप्रबंधक महोदय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी आर. एन. टोप्पो एवं राजभाषा अधिकारी संजय निगम ने उनका स्वागत किया।

इस बैठक में राजभाषा अधिनियम 1963 को धारा 3/3 के अनुपालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया साथ ही साथ आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के राजभाषा विभाग द्वारा जारी होने वाली छमाही "प्रगति प्रत्रिका" के अंक चार का विमोचन महाप्रबंधक श्री सुनित शर्मा के द्वारा किया गया, इस अवसर पर उन्होने राजभाषा के उत्तरोत्तर प्रगती के लिए अनेक सुझाव दिये। इस बैठक में राजभाषा अधिकारी संजय निगम के द्वारा पिछली तिमाही एवं छमाही के दौरान राजभाषा विभाग द्वारा किये गये कार्यो का एक पावर पांईट प्रजेनटेशन की प्रस्तुति क्रियान्वयन समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई।

इसी क्रम में आयोजित छः प्रतियोगिता के विजेताओ को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण का भी आयोजन किया गया था। जिसमें राजभाषा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राजभाषा पर छः प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में आरेडिका के कुल 70 कर्मचारियों में से 12 प्रतिभागियो को पुरस्कार वितरण किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि हमलोगों को हिन्दी में कार्य करने में रूचि लेनी चाहिए एवं राजभाषा को सम्मान देने और इसके महत्व को अगली पीढी को हस्तान्तरित करने के लिए कार्यक्रम किए जाने की जरूरत है।

इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आलोक कुमार, पीसीएमएम श्रीकांत राय, पीसीईई एस के अग्रवाल, पीसीई आर. बी. यादव, सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष अधिकारी और पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

14/6

(आर. पी. शर्मा)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी